<u>राज्य सभा</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 1112

19 दिसंबर, 2018 को उत्तर के लिए

सेल संयंत्रों में स्तरोन्नयन का कार्य

1112. सुश्री सरोज पाण्डेयः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) इस्पात मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले 'सेल' के कितने संयंत्रों के स्तरोन्नयन का कार्य किया जा रहा है;

(ख) यह कार्य कब तक पूरा किया जाएगा; और

(ग) स्तरोन्नयन कार्य के पूरा होने पर सेल की उत्पादन क्षमता में पूर्व उत्पादन क्षमता की तुलना में कितनी वृद्धि होने का अनुमान है?

<u>उत्तर</u>

इस्पात राज्य मंत्री (श्री विष्णु देव साय)

(क) से (ग): स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने अपनी क्रूड इस्पात क्षमता को 12.8 मिलियन टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) से 21.4 एमटीपीए तक बढ़ाने के लिए भिलाई (छत्तीसगढ़), बोकारो (झारखंड), राउरकेला (ओडिशा), दुर्गापुर (पश्चिम बंगाल) तथा बर्नपुर (पश्चिम बंगाल) स्थित अपने पाँच एकीकृत इस्पात संयंत्रों और सेलम (तमिलनाडु) स्थित विशेष इस्पात संयंत्र में आधुनिकीकरण और विस्तार कार्य शुरू किया है। राउरकेला, बर्नपुर, दुर्गापुर, बोकारो तथा सेलम इस्पात संयंत्रों का आधुनिकीकरण और विस्तार कार्य पूरा हो गया है। इसके अतिरिक्त, भिलाई इस्पात संयंत्र में नई कोक ओवन बैटरी सं. 11, सिंटर संयंत्र-3 में दूसरी सिंटर मशीन, नया ब्लास्ट फर्नेस (बीएफ) सं. 8, नया स्टील मेल्टिंग शॉप-III (2 कन्वरटर्स और 3 कास्टर्स), यूनिवर्सल रेल मिल तथा रेल वेल्डिंग लाइंस, बार एवं रॉड मिल जैसी सभी प्रमुख सुविधाओं का कार्य पूर्ण हो गया है।

******